Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सीईएन - 05/25 - जेई, डीएमएस, सीएमए - CEN - 05/25 - JE, DMS, CMA

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 20/02/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB JE DMS CMA |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB JE DMS CMA**

**Q.1** O और C क्रमशः एक न्यूनकोण त्रिभुज ΔPQR के लंबकेंद्र और परिकेंद्र हैं। ∠QCR = 138° है। भुजा QR पर P से एक लंब PM डाला गया है। यदि ∠PQR = 52° है, तो ∠RPM का डिग्री माप क्या है?

**Ans**
✗ 1. 42
✓ 2. 31
✗ 3. 69
✗ 4. 38

**Q.2** एक कक्ष तापक (room heater) और एक विद्युत बल्ब दोनों विद्युत ऊर्जा को ऊष्मा में परिवर्तित करते हैं, परंतु केवल बल्ब ही अधिक दृश्य प्रकाश क्यों उत्सर्जित करता है?

**Ans**
✓ 1. बल्ब का फिलामेंट उच्च ताप पर पहुँचकर दृश्य प्रकाश उत्सर्जित करता है।
✗ 2. तापक एक अलग पदार्थ से बना होता है।
✗ 3. इनके परिपथ का डिज़ाइन अलग-अलग होता है।
✗ 4. तापक, ताप प्रभाव की अपेक्षा चुंबकीय प्रभाव का उपयोग करता है।

**Q.3** निम्नलिखित में से किस सिंचाई विधि से पानी की सबसे कम बर्बादी होती है?

**Ans**
✓ 1. ड्रिप सिंचाई (Drip irrigation)
✗ 2. छिड़काव सिंचाई (Sprinkler irrigation)
✗ 3. कुंड सिंचाई (Furrow irrigation)
✗ 4. बाढ़ सिंचाई (Flood irrigation)

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा दिवस 21 मई 2025 को मनाया गया था?

**Ans**
✓ 1. राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस
✗ 2. भारतीय नौसेना दिवस
✗ 3. राष्ट्रीय मतदाता दिवस
✗ 4. राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

**Q.5** जब सरकार सार्वजनिक क्षेत्रक के उद्यमों में से अपने हिस्से का कुछ भाग जनसामान्य को बेचती है तो इसे क्या कहा जाता है?

**Ans**
✓ 1. विनिवेश
✗ 2. वैश्वीकरण
✗ 3. औद्योगीकरण
✗ 4. राष्ट्रीयकरण

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

25,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.6 | एक साइकिल सवार एक सीधी सड़क पर 3 सेकंड में अपनी चाल 6 m/s से बढ़ाकर 12 m/s कर लेती है। इस समयांतराल में उसका त्वरण ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 3 m/s² |
| | ✓ 2. 2 m/s² |
| | ✗ 3. 0.5 m/s² |
| | ✗ 4. 6 m/s² |

| | |
|---|---|
| Q.7 | ₹14,500 के कुल लाभ को A, B और C के बीच इस प्रकार वितरित किया जाना है कि A : B = 16 : 3 और B : C = 6 : 20 हो। लाभ में C का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 5,100 |
| | ✗ 2. 4,950 |
| | ✗ 3. 4,850 |
| | ✓ 4. 5,000 |

| | |
|---|---|
| Q.8 | तीन व्यक्तियों, A, B और C ने 2000 m की दौड़ में भाग लिया। एक ही समय पर अंतिम रेखा तक पहुंचने के लिए, A, B को 500 m की और C को 300 m की शुरुआती बढ़त दे सकता है। 3400 m की दौड़ में C, B को कितने मीटर की शुरुआती बढ़त दे सकता है? |
| Ans | ✗ 1. 600 |
| | ✗ 2. 800 |
| | ✓ 3. 400 |
| | ✗ 4. 200 |

| | |
|---|---|
| Q.9 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह निर्धारित करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी खरगोश, चटाई हैं।<br>सभी खरगोश, ज़ेबरा हैं।<br>सभी ज़ेबरा, लैंप हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): सभी खरगोश, लैंप हैं।<br>(II): कुछ ज़ेबरा, चटाई हैं। |
| Ans | ✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✓ 2. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.10 | In a redox reaction, what is the role of a 'reducing agent'? |
| Ans | ✗ 1. It is a catalyst that speeds up the reaction. |
| | ✓ 2. It is a substance that causes reduction and itself gets oxidized. |
| | ✗ 3. It is a substance that only participates in decomposition reactions. |
| | ✗ 4. It is an agent that helps other substances to be oxidized. |

| | |
|---|---|
| Q.11 | अप्रैल 2025 में केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, गणना की नई पद्धति का उपयोग करते हुए भारत की तटरेखा की पुनर्गणित लंबाई कितनी है? |
| Ans | ✗ 1. 15416.6 km |
| | ✗ 2. 12520.73 km |
| | ✗ 3. 9516.6 km |
| | ✓ 4. 11098.81 km |

Q.12 एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह निर्णय करना है कि कथनों में दिए गए आंकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उचित उत्तर का चयन करें।

छह लोग, A, B, C, D, E और F, एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। कितने लोग D के दाईं ओर बैठे हैं?

I: F के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। F और B के बीच में केवल दो लोग बैठे हैं।
II: D, F के ठीक बाईं ओर बैठा है। E, B के ठीक बाईं ओर बैठा है।


Ans
✗ 1. दोनों कथनों I और II में दिए गए आंकड़े एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✗ 2. केवल कथन II में दिए गए आंकड़े, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दिए गए आंकड़े नहीं।
✓ 3. कथन I और कथन II दोनों में एक साथ (और केवल कथन I या केवल कथन II पर्याप्त नहीं है) दिए गए आंकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
✗ 4. केवल कथन I में दिए गए आंकड़े, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिए गए आंकड़े नहीं।

Q.13 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

124, 232
107, 215

Ans
✗ 1. 181, 288
✗ 2. 153, 271
✗ 3. 178, 276
✓ 4. 136, 244

Q.14 नीचे दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। अलग-अलग वृत खंडों में दी गई संख्याएँ व्यक्तियों की संख्या दर्शाती हैं। (ध्यान दें: आपको दिए गए आकड़ों को सत्य मानना है, भले ही वह समान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों।)




संदर्भः Marketeers- विक्रेता, Managers- प्रबन्धक, Females - महिला

प्रबन्धक कितने हैं?

Ans
✗ 1. 42
✗ 2. 41
✓ 3. 43
✗ 4. 44

**Q.15** मोहित की मासिक आय ₹12800 है और उसका मासिक व्यय ₹4000 है। यदि उसकी आय में 25% की कमी होती है और व्यय में ₹1000 की कमी होती है, तो उसकी मासिक बचत में कमी ज्ञात कीजिए?

Ans
- ✗ 1. ₹2600
- ✗ 2. ₹2800
- ✗ 3. ₹2400
- ✓ 4. ₹2200

**Q.16** अनाज के भंडारण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✓ 1. भंडारित अनाज में होने वाली क्षति के लिए जिम्मेदार जैविक कारक कीट, कृंतक और कवक हैं।
- ✗ 2. भंडारित अनाज में होने वाली क्षति के लिए जिम्मेदार जैविक कारक कीट, कृंतक और आर्द्रता है।
- ✗ 3. भंडारित अनाज में होने वाली क्षति के लिए जिम्मेदार अजैविक कारक तापमान, कृंतक और कवक हैं।
- ✗ 4. कृषि उपज में भंडारण में क्षति बहुत निम्न हो सकती है।

**Q.17** X व्यक्तियों को एक काम 18 दिनों में पूरा करने का अनुबंध दिया गया था। बीमारी के कारण 2 व्यक्ति काम पर नहीं आए, और शेष व्यक्तियों ने काम को 27 दिनों में पूरा किया। X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 2
- ✗ 2. 10
- ✓ 3. 6
- ✗ 4. 14

**Q.18** गीले कपड़े फैलाने पर जल्दी क्यों सूख जाते हैं?

Ans
- ✗ 1. कपड़े गर्म हो जाते हैं।
- ✗ 2. पानी वाष्पित हो जाता है।
- ✗ 3. सूरज के प्रकाश के कारण पानी तेजी से निकलता है
- ✓ 4. सतही क्षेत्रफल बढ़ जाता है।

**Q.19** नमो ड्रोन दीदी योजना (Namo Drone Didi scheme) के विषय में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. यह 2024-25 से 2025-26 की अवधि के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करने के लिए ₹1,261 करोड़ के परिव्यय के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. इस योजना का उद्देश्य कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को किराया सेवाएं प्रदान करने के लिए 15,000 चयनित महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करना है।
3. इस योजना के अंतर्गत, महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन और अनुषंगी लागतों के 80% तक, अधिकतम ₹8 लाख तक की पर्याप्त वित्तीय सहायता प्राप्त होती है।

Ans
- ✗ 1. केवल 3
- ✗ 2. केवल 2 और 3
- ✓ 3. 1, 2 और 3
- ✗ 4. केवल 1 और 2

**Q.20** एक ठोस गोले को पिघलाकर 18 समरूप शंकु बनाए जाते हैं, जिनमें से प्रत्येक की आधार त्रिज्या 3 cm है और ऊंचाई 18 cm है। गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 9 cm
- ✗ 2. 10 cm
- ✗ 3. 7 cm
- ✗ 4. 8 cm

**Q.21** निम्नलिखित में से कौन-सा एक ऐसा वाद्ययंत्र है जो काँच, धातु या मिट्टी के कटोरो के एक समूह से बना होता है, जिनमें से प्रत्येक में पानी का स्तर अलग-अलग होता है?

Ans
- ✗ 1. सितार
- ✗ 2. शहनाई
- ✓ 3. जल तरंग
- ✗ 4. सरोद

**Q.22** जनवरी 2025 में पद्मश्री से सम्मानित लिबिया लोबो सरदेसाई (Libia Lobo Sardesai), निम्नलिखित में से किस उद्देश्य में अपने योगदान के लिए जानी जाती हैं?

Ans
- ✗ 1. कोंकणी साहित्य का प्रचार-प्रसार
- ✗ 2. तटीय भारत में महिलाओं की शिक्षा
- ✓ 3. गोवा का मुक्ति संग्राम
- ✗ 4. पश्चिमी घाट में पर्यावरण संरक्षण

**Q.23** What role does the earth wire play in the safety of domestic appliances with metallic bodies?

Ans
- ✗ 1. It increases the appliance's voltage
- ✓ 2. It provides a low-resistance path for leakage current
- ✗ 3. It prevents the fuse from melting
- ✗ 4. It controls the current flow

**Q.24** P और Q मिलकर एक टंकी को 24 घंटे में जल से भर सकते हैं। यदि P अकेले उसी टंकी को 72 घंटे में जल से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी का तीन-चौथाई हिस्सा कितने घंटे में जल से भरेगा?

Ans
- ✗ 1. 55
- ✗ 2. 54
- ✗ 3. 28
- ✓ 4. 27

**Q.25** सात व्यक्ति, A, L, M, I, R, H और S एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं।
S के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। S और H के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H और R के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। M, L के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। I, L के ठीक दाईं ओर बैठा है।
A और R के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ 1. तीन
- ✗ 2. चार
- ✗ 3. दो
- ✗ 4. एक

**Q.26** C, H, A, N, G और E, प्रत्येक की उम्र अलग-अलग है। C की उम्र 21 साल है, और C, H से उम्र में छोटा है और A से बड़ा है। चार व्यक्तियों की उम्र 21 साल से कम है। केवल एक व्यक्ति N से उम्र में छोटा है। G उम्र में सबसे छोटा नहीं है। G, A से उम्र में छोटा है। उम्र में सबसे छोटा कौन है?

Ans
- ✗ 1. G
- ✗ 2. A
- ✗ 3. N
- ✓ 4. E

**Q.27** 14 के प्रथम 18 धनात्मक गुणजों का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 18
- ✗ 2. 126
- ✓ 3. 133
- ✗ 4. 14

**Q.28** मान लीजिए $a$ और $b$ समीकरण $x^2 - 7x + c = 0$ के मूल हैं और समीकरण $x^2 - dx + 216 = 0$ के मूल $a^2b$ और $b^2a$ हैं, तो $d$ का मान ______ है।

Ans
- ✗ 1. 48
- ✗ 2. 40
- ✓ 3. 42
- ✗ 4. 45

Q.29 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

(बाएँ) % P N G @ 8 7 % 6 # $ * L C T 1 @ # 2 Z 8 E 9 (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी संख्याओं को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएँ से पाँचवें स्थान पर होगा?

Ans
1. #
2. T
3. Z
4. @

Q.30 हरितलवक, कोशिका के निम्नलिखित में से किस भाग में पाया जाता है?

Ans
1. कोशिका द्रव्य
2. अन्तर्द्रव्यी जालिका
3. केन्द्रक द्रव्य
4. परऑक्सीसोम

Q.31 जब प्रकाश की एक किरण वायु से एक आयताकार काँच के स्लैब में तिरछी प्रवेश करती है, तो प्रथम अंतरपृष्ठ पर इसकी दिशा में क्या परिवर्तन होता है?

Ans
1. यह वापस परवर्तित हो जाती है।
2. यह अभिलंब की ओर झुक जाती है।
3. यह सीधी यात्रा करती है।
4. यह अभिलंब से परे झुक जाती है।

Q.32 जब मैग्नीशियम, ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया करके मैग्नीशियम ऑक्साइड बनाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans
1. मैग्नीशियम इलेक्ट्रॉन त्यागकर Mg2+ आयन बनाता है।
2. ऑक्सीजन इलेक्ट्रॉन प्राप्त करके O2- आयन बनाता है।
3. बनने वाले यौगिक में आयनिक आबंध होते हैं।
4. मैग्नीशियम इलेक्ट्रॉन त्यागकर Mg3+ आयन बनाता है।

Q.33 दिवाकर बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 8 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाईं ओर मुड़ता है और 6 km गाड़ी चलाता है, पुनः बाईं ओर मुड़कर 11 km गाड़ी चलाता है। इसके बाद वह फिर से बाईं ओर मुड़ता है और 9 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह एक बार फिर बाईं ओर मुड़ता है, 3 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी (न्यूनतम दूरी) दूरी और किस दिशा में गाड़ी चलानी होगी? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
1. दक्षिण की ओर 3 km
2. उत्तर की ओर 3 km
3. दक्षिण की ओर 2 km
4. उत्तर की ओर 2 km

Q.34 निम्नलिखित आंकड़े 10 मैचों में एक फुटबॉल टीम द्वारा किए गए गोल की संख्या को दर्शाते हैं।

2, 3, 1, 4, 2, 5, 2, 3, 2, 4

उपर्युक्त आंकड़ों का बहुलक (mode) x है। यदि एक और मैच खेला जाता है, और टीम 3 गोल करती है, तो पिछले बहुलक और नए बहुलक में क्या अंतर होगा?

Ans
1. 3
2. 2
3. 1
4. 0

**Q.35** B, Q, C, N, X, U और M में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। Q से पहले केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। N के बाद केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। B की परीक्षा U से पहले लेकिन Q के बाद है। X की परीक्षा C से ठीक पहले है। M की परीक्षा U से पहले नहीं है। U और X के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
- ✗ 1. चार
- ✗ 2. दो
- ✓ 3. तीन
- ✗ 4. एक

**Q.36** शिक्षा और राष्ट्र-निर्माण में इनके योगदान के लिए अप्रैल 2025 में लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?

Ans
- ✗ 1. अलख पांडे
- ✓ 2. कुमार मंगलम बिड़ला
- ✗ 3. आनंद महिंद्रा
- ✗ 4. नारायण मूर्ति

**Q.37** एक वस्तु भूमि से 2 m की ऊँचाई पर स्थित एक शेल्फ पर रखी है। यदि शेल्फ की ऊंचाई बढ़ाकर 4 m कर दी जाए, तो वस्तु की स्थितिज ऊर्जा में क्या परिवर्तन होगा?

Ans
- ✓ 1. स्थितिज ऊर्जा दोगुनी हो जाएगी
- ✗ 2. स्थितिज ऊर्जा तीन गुना हो जाएगी
- ✗ 3. स्थितिज ऊर्जा आधी हो जाएगी
- ✗ 4. स्थितिज ऊर्जा अपरिवर्तित रहेगी

**Q.38** किसी निश्चित तर्क के अनुसार, MU 11 का संबंध OY -2 से है। उसी तर्क के अनुसार, PQ 10 का संबंध RU -3 से है। उसी तर्क के अनुसार, UR 14 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✓ 1. WV 1
- ✗ 2. WX 1
- ✗ 3. WW 3
- ✗ 4. VW 3

**Q.39** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 -13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करके और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(13,22,2)
(4,26,15)

Ans
- ✗ 1. (25,8,6)
- ✗ 2. (1,22,5)
- ✗ 3. (13,35,14)
- ✓ 4. (23,43,13)

**Q.40** एक आयताकार क्षेत्र की लंबाई, इसकी चौड़ाई से 34 m अधिक है। इसका क्षेत्रफल 5040 $m^2$ है। इसकी चौड़ाई (m में) है?

Ans
- ✗ 1. 54
- ✗ 2. 44
- ✓ 3. 56
- ✗ 4. 37

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.41 | एक निश्चित कूट में,<br>'cracking lame jokes' को 'kt vs fm' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।<br>'cracking colourful fireworks' को 'fi ye kt' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।<br>'lame but colourful' को 'vs xc ye' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।<br>(सभी कूट केवल दो अक्षर में कूटबद्ध किए गए हैं)<br>'fireworks lame' के लिए संभावित कूट क्या है? |
| Ans | ✗ 1. kt xc<br>✓ 2. fi vs<br>✗ 3. fm ye<br>✗ 4. fm xc |

| | |
|---|---|
| Q.42 | A, B से तेज़ दौड़ता है। 2500 मीटर की दौड़ में, A, B को 200 मीटर की शुरुआती बढ़त देता है। A, 25 मीटर/सेकंड की चाल से दौड़ता है। यदि B, 23 मीटर/सेकंड की चाल से दौड़ता है, तो कौन और कितने अंतर से जीतेगा? |
| Ans | ✗ 1. A,100 मीटर से जीतता है<br>✗ 2. B, 100 मीटर से जीतता है<br>✓ 3. वे एक साथ दौड़ समाप्त करते हैं<br>✗ 4. A, 50 मीटर से जीतता है |

| | |
|---|---|
| Q.43 | A और B संयुक्त रूप से एक व्यवसाय शुरू करते हैं। A का निवेश B के निवेश का तीन गुना है। ₹55204 के वार्षिक लाभ में A का हिस्सा ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. ₹40,403<br>✓ 2. ₹41,403<br>✗ 3. ₹43,403<br>✗ 4. ₹42,403 |

| | |
|---|---|
| Q.44 | गैर-संवैधानिक निकाय, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?<br><br>(1) भारतीय रिजर्व बैंक, बैंकिंग प्रणाली को विनियमित और पर्यवेक्षित करने, मुद्रा और ऋण प्रणाली का प्रबंधन करने और विदेशी मुद्रा भंडार का प्रबंधन करने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य करता है।<br>(2) भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार की गई थी।<br>(3) भारतीय रिजर्व बैंक का केंद्रीय कार्यालय प्रारम्भ में कोलकाता में स्थापित किया गया था, लेकिन 1937 में इसे स्थायी रूप से मुंबई में स्थानांतरित कर दिया गया। |
| Ans | ✗ 1. केवल (2) और (3)<br>✗ 2. केवल (1)<br>✗ 3. केवल (1) और (2)<br>✓ 4. (1), (2) और (3) |

| | |
|---|---|
| Q.45 | निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और आगे आने वाले प्रश्न का उत्तर दें।<br><br>(बाएँ) K 6 & M 4 @ R 7 ! F ^ N $ Q 8 # T @ P 9 * Y 3 & Z 2 $ L ^ W (दाएँ)<br><br>यदि सभी अक्षरों को हटा दिया जाए तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएँ से पाँचवें स्थान पर होगा? |
| Ans | ✓ 1. 3<br>✗ 2. 9<br>✗ 3. *<br>✗ 4. & |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.46 एक निश्चित कूट में,
'blue pen write' को 'ka tu re' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
'red pen draw' को 'mo tu si' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
'blue brush draw' को 'ka lo si' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
(सभी कूट केवल दो अक्षरों में कूटबद्ध हैं।)
“blue pen” के लिए क्या कूट है?

Ans
✗ 1. re ka
✗ 2. mo lo
✗ 3. lo si
✓ 4. ka tu

Q.47 किसी स्टोर में सुरक्षा दर्पण (Security Mirror) के लिए एक ऐसे दर्पण की आवश्यकता है जो बहुत अधिक दृष्टि-क्षेत्र प्रदान करे और बिंब की किसी भी स्थिति के लिए हमेशा सीधा व छोटा प्रतिबिंब बनाए। इसके डिजाइन के लिए किस प्रकार के दर्पण और सिद्धांत का उपयोग किया जाना चाहिए?

Ans
✗ 1. आवर्धन के लिए अवतल दर्पण
✓ 2. आभासी और छोटे प्रतिबिंब के लिए दर्पण सूत्र का प्रयोग करते हुए उत्तल दर्पण
✗ 3. वास्तविक और उल्टे प्रतिबिंब के लिए दर्पण सूत्र का उपयोग करते हुए अवतल दर्पण
✗ 4. अविरूपित प्रतिबिंब के लिए समतल दर्पण

Q.48 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प इस अवधारणा का सबसे अच्छे से समर्थन करता है कि पदार्थ कणों से मिलकर बना होता है?

Ans
✗ 1. धातुएँ विद्युत की चालक हैं।
✗ 2. जल 100°C पर उबलता है।
✗ 3. बर्फ पिघलकर जल बनाती है।
✓ 4. स्याही की एक बूंद जल में एक समान रूप से फैलती है।

Q.49 एक सेमिनार में, 5 शिक्षकों और 7 छात्रों ने किताबों पर पैसा खर्च किया। उन सभी का मिलाकर औसत खर्च ₹260 था। केवल शिक्षकों का औसत खर्च ₹400 था। छात्रों के औसत खर्च की राशि ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. ₹160
✗ 2. ₹180
✗ 3. ₹120
✗ 4. ₹140

Q.50 एकल जीव के अनुरक्षण के लिए कौन-सा संयोजन सर्वोत्तम आवश्यक जैव प्रक्रम का प्रतिनिधित्व करता है?

Ans
✓ 1. पोषण, श्वसन, वहन और उत्सर्जन
✗ 2. वृद्धि, गति, प्रजनन और प्रतिक्रिया
✗ 3. गमन, भरण, संचार और प्रतिरक्षा
✗ 4. प्रजनन, भिन्नता, आनुवंशिकता और अनुकूलन

Q.51 20% वार्षिक दर से 3 वर्षों के लिए चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच अंतर ₹256 है। उधार दिया गया मूलधन कितना है?

Ans
✗ 1. ₹1,000
✓ 2. ₹2,000
✗ 3. ₹4,000
✗ 4. ₹3,000

Q.52 $\sqrt{\left(17+\sqrt{\left((57+\sqrt{\left(45+\sqrt{\left(7+\sqrt{(81)}\right)}\right)}\right)}\right)}$ का मान क्या है?

Ans
✗ 1. 7
✗ 2. 1
✓ 3. 5
✗ 4. 2

Q.53 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

145 129 113 97 81 ?

Ans
✓ 1. 65
✗ 2. 63
✗ 3. 64
✗ 4. 61

Q.54 तंबाकू सेवन के तरीकों और उनके उपयोग के दीर्घकालिक परिणामों का मिलान करें।

| | स्तंभ A | | स्तंभ B |
|---|---|---|---|
| (a) | धूम्रपान (सिगरेट) | (i) | मुख का कैंसर (Oral cancer) |
| (b) | तंबाकू चबाना | (ii) | वातस्फीति (Emphysema) |
| (c) | निष्क्रिय धूम्रपान | (iii) | श्वसन संक्रमण (Respiratory infections) |
| (d) | लंबे समय तक निकोटीन का संपर्क | (iv) | हृदय रोग (Cardiovascular disorders) |

Ans
✗ 1. a–iv, b–ii, c–i, d–iii
✓ 2. a–ii, b–i, c–iv, d–iii
✗ 3. a–i, b–iii, c–ii, d–iv
✗ 4. a–ii, b–i, c–iii, d–iv

Q.55 सुमन की एक महीने की आय, मीरा की आय का पांच-सातवां (five-sevenths) हिस्सा है। अगले महीने, मीरा की आय, सुमन की पिछले महीने की आय का पांच-आठवां (five-eighths) हिस्सा हो जाती है। मीरा की वर्तमान आय, सुमन की वर्तमान आय से कितने प्रतिशत कम है?

Ans
✗ 1. 35.5%
✗ 2. 25%
✓ 3. 37.5%
✗ 4. 20%

Q.56 सुजीत की आयु, उसके पुत्र से तीन गुनी है और उसकी पुत्री, उसके पुत्र से 3 वर्ष छोटी है। यदि वर्तमान से 3 वर्ष पूर्व इन तीनों की आयु का योग 88 वर्ष था, तो सुजीत की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है?

Ans
✗ 1. 66
✗ 2. 56
✓ 3. 60
✗ 4. 48

Q.57 मार्च 2025 में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने किस भारतीय अभिनेता को आधिकारिक तौर पर 'फिट इंडिया आइकॉन (Fit India Icon)' के रूप में नामित किया?

Ans
✓ 1. आयुष्मान खुराना
✗ 2. ऋतिक रोशन
✗ 3. शाहिद कपूर
✗ 4. अल्लू अर्जुन

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.58 कौन-सा गुण द्रवों को ठोसों से सही ढंग से अलग करता है?

Ans
✗ 1. द्रव प्रकृति में पूरी तरह से असंपीड्य हैं।
✓ 2. द्रवों का आयतन निश्चित होता है लेकिन आकार निश्चित नहीं होता
✗ 3. द्रवों का आकार निश्चित होता है लेकिन आयतन निश्चित नहीं होता
✗ 4. द्रवों को अन्य पदार्थों में विसरित नहीं किया जा सकता

Q.59 स्थिर अनुपात के नियम के अनुसार, जिस यौगिक में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन 1:8 के निश्चित द्रव्यमान अनुपात में विद्यमान होते हैं, वह क्या कहलाता है?

Ans
✗ 1. मेथेन (Methane)
✗ 2. हाइड्रोजन परॉक्साइड (Hydrogen peroxide)
✓ 3. जल (Water)
✗ 4. अमोनिया (Ammonia)

Q.60 4, 8 और 16 का हरात्मक माध्य (दशमलव के चार स्थानों तक पूर्णांकित) क्या है।

Ans
✗ 1. 6.5871
✗ 2. 6.8517
✓ 3. 6.8571
✗ 4. 6.5817

Q.61 भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान कार्यपालिका से न्यायपालिका को पृथक करने के राज्य के कर्तव्य से संबंधित है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 44
✓ 2. अनुच्छेद 50
✗ 3. अनुच्छेद 48A
✗ 4. अनुच्छेद 51

Q.62 एक उपकरण 220 वोल्ट के विभवांतर और 2 एम्पियर की विद्युत धारा पर 5 घंटे तक कार्य करता है। इसके द्वारा उपभुक्त विद्युत ऊर्जा का मान किलोवाट-घंटा (kWh) में ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 2.2 kWh
✗ 2. 5 kWh
✗ 3. 0.22 kWh
✗ 4. 1.1 kWh

Q.63 एक आदमी, जिसकी लंबाई $1.8$ m है, एक $1.0$ m ऊँचे चबूतरे के किनारे पर खड़ा होकर एक इमारत के शीर्ष को देख रहा है। इमारत, चबूतरे से $25\sqrt{3}$ m की दूरी पर है। उसकी आँख से इमारत के शीर्ष का उन्नयन कोण $30^\circ$ है। इमारत की ऊँचाई (m में) क्या है?

Ans
✗ 1. 28.8
✓ 2. 27.8
✗ 3. 25.8
✗ 4. 26.8

Q.64 किस अंतर्राष्ट्रीय समझौते का उद्देश्य वैश्विक तापमान वृद्धि को 2°C से नीचे सीमित करना है?

Ans
✗ 1. क्योटो प्रोटोकॉल
✓ 2. पेरिस समझौता
✗ 3. रियो घोषणा
✗ 4. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.65** सरल कीजिए: 52 - {38 ÷ (4 × 7 - 9)}

Ans
- ✗ 1. 55
- ✗ 2. 57
- ✗ 3. 46
- ✓ 4. 50

**Q.66** तीन प्रतिरोधकों के समांतर संयोजन में, कौन-सा कथन परिपथ में कुल विद्युत धारा को सही ढंग से वर्णित करता है?

Ans
- ✗ 1. यह प्रत्येक प्रतिरोधक से प्रवाहित होने वाली विद्युत धाराओं का औसत होती है
- ✗ 2. यह न्यूनतम प्रतिरोध वाले प्रतिरोधक के माध्यम से प्रवाहित होने वाली विद्युत धारा के बराबर होती है
- ✓ 3. यह प्रत्येक प्रतिरोधक से प्रवाहित होने वाली विद्युत धाराओं के योग के बराबर होती है।
- ✗ 4. यह प्रत्येक प्रतिरोधक से प्रवाहित होने वाली विद्युत धारा के समान होती है

**Q.67** सात बॉक्स B, C, D, P, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे हों। B के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। P और B के बीच में केवल एक बॉक्स रखा गया है। P और R के बीच में केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। R को B के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। D को R के ठीक नीचे रखा गया है। Q को S के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। C को P के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है। किस बॉक्स को सबसे नीचे रखा गया है?

Ans
- ✗ 1. C
- ✓ 2. S
- ✗ 3. R
- ✗ 4. P

**Q.68** एक वॉशिंग मशीन का अंकित मूल्य ₹87,200 है। इसे एक खुदरा विक्रेता को 9% और 50% की दो क्रमिक छूटों के बाद बेचा जाता है। खुदरा विक्रेता ग्राहक को इसके नए अंकित मूल्य पर 48% की छूट देने के बाद अपनी लागत पर 25% का लाभ अर्जित करना चाहता है। उसे वॉशिंग मशीन का मूल्य कितना अंकित करना चाहिए?

Ans
- ✗ 1. ₹95,476
- ✗ 2. ₹95,434
- ✗ 3. ₹95,333
- ✓ 4. ₹95,375

**Q.69** उस त्रय का चयन कीजिए जो उसी पैटर्न का अनुसरण करता है, जिसका अनुसरण नीचे दिए गए दो त्रयों द्वारा किया जाता है। दोनों त्रय समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

IL - GJ - DF
NQ - LO - IK

Ans
- ✗ 1. PS - NQ - KL
- ✓ 2. PS - NQ - KM
- ✗ 3. OS - NQ - KL
- ✗ 4. OS - NR - KL

**Q.70** ईंधन की कीमत में तीन क्रमिक महीनों में क्रमशः 55%, 55% और 30% की कमी होती है, परंतु चौथे महीने में इसमें 50% की वृद्धि हो जाती है। इसके मूल मूल्य की तुलना में चौथे महीने में ईंधन की कीमत में हुई कुल प्रतिशत वृद्धि या कमी ज्ञात कीजिए।
[अपना उत्तर दशमलव के दो स्थानों तक सही दीजिए।]

Ans
- ✗ 1. 76.66% की वृद्धि हुई है।
- ✗ 2. 75.63% की वृद्धि हुई है।
- ✗ 3. 81.55% की कमी आई है।
- ✓ 4. 78.74% की कमी आई है।

Q.71 8, 12 और 20 का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 180
2. 120 ✔
3. 60
4. 150

Q.72 किस कंपनी ने भारत की पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली विकसित की है जिसने हाल ही में केवल 35-40 मिलीसेकंड की अत्यंत निम्न (ultra-low) विलंबता के साथ विश्व की पहली दो रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी की हैं?

Ans
1. इंट्यूटिव सर्जिकल इंडिया (Intuitive Surgical India)
2. मेडट्रॉनिक इंडिया (Medtronic India)
3. सीमेंस हेल्थिनियर्स इंडिया (Siemens Healthineers India)
4. एसएस इनोवेशन्स (SS Innovations) ✔

Q.73 गैसें पात्र की दीवारों पर दाब क्यों डालती हैं?

Ans
1. गैस के कण यादृच्छिक रूप से गति करते हैं और दीवारों से टकराते हैं। ✔
2. गैस के कण पात्र की दीवारों को प्रबलता से आकर्षित करते हैं।
3. गैस के कण पात्र के अंदर स्थिर रहते हैं।
4. गैस के कणों में बहुत कम गतिज ऊर्जा होती है।

Q.74 एक व्यक्ति ने दो प्रकार के सेब खरीदे, पहले प्रकार के ₹2 में 3 सेब की दर से और दूसरे प्रकार के ₹6 प्रति सेब की दर से। उसने दोनों प्रकार के सेब बराबर संख्या में खरीदे और सभी सेबों को ₹6 प्रति सेब की दर से बेच दिया। उसका प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 80% ✔
2. 77%
3. 78%
4. 75%

Q.75 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है 'A, B की पुत्री है'
A – B का अर्थ है 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है 'A, B का पिता है'

उपर्युक्त आधार पर, यदि 'E – F + G ÷ H x K' हो तो E का K से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी का भाई ✔
2. पत्नी के पिता
3. भाई
4. पिता

Q.76 डेविड ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए एक बैंक से ₹440000 की राशि उधार ली। 6% वार्षिक की दर से 2 वर्ष पश्चात, वह कितने साधारण ब्याज (₹ में) का भुगतान करेगा?

Ans
1. 53800
2. 51800
3. 54800
4. 52800 ✔

Q.77 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6 19 45 97 201 ?

Ans
1. 409 ✔
2. 406
3. 403
4. 400

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.78** एक दुकानदार ने छह समान मोबाइल फोन ₹45,000 में खरीदे। उसने, इनमें से दो मोबाइल फोन ₹42,000 में बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 181%
- ✗ 2. 178%
- ✗ 3. 179%
- ✓ 4. 180%

**Q.79** पादप एवं जंतु कोशिकाओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?

**Ans**
- ✓ 1. कोशिका भित्ति - जंतु कोशिकाओं में उपस्थित होती है
- ✗ 2. लवक- पादप कोशिकाओं में उपस्थित होते हैं
- ✗ 3. रिक्तिकाएँ - बहुत बड़ी एवं पादप कोशिकाओं में उपस्थित होती है
- ✗ 4. लवक- जंतु कोशिकाओं में अनुपस्थित होते हैं

**Q.80** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन अंकों की संख्या पर आधारित है।

(बाएँ) 857 329 417 628 751 (दाएँ)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 14
- ✗ 2. 15
- ✓ 3. 16
- ✗ 4. 17

**Q.81** उस अर्धगोले का आयतन ज्ञात कीजिए जिसके आधार की परिधि 35.2 cm है।

(दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित; $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

**Ans**
- ✗ 1. 361.25 cm3
- ✓ 2. 367.96 cm3
- ✗ 3. 369.34 cm3
- ✗ 4. 363.56 cm3

**Q.82** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सबसे अच्छी व्याख्या करता है कि एक स्वस्थ व्यक्ति के मूत्र में रक्त कोशिकाएं क्यों नहीं पाई जाती हैं?

**Ans**
- ✓ 1. वे गुच्छीय छिद्रों (glomerular pores) से गुजरने के लिए बहुत बड़े हैं।
- ✗ 2. वे वृक्कों (kidneys) में विखंडित जाते हैं।
- ✗ 3. उन्हें निस्यादित (filtered) करके रक्त में वापस भेज दिया जाता है।
- ✗ 4. वे नलिकाओं (tubules) में पुनः अवशोषित होते हैं।

**Q.83** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

16 ÷ 2 + 22 × 2 – 8 = ? + 3

**Ans**
- ✗ 1. 28
- ✗ 2. 34
- ✗ 3. 31
- ✓ 4. 32

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.84** 1905 में बंगाल के विभाजन की अनुक्रिया में किस प्रकार का राष्ट्रवादी विरोध उभरा जिसने आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक कार्रवाई को एकीकृत किया?

**Ans**
- ✗ 1. निर्णय वापस लेने के लिए (reversal) के लिए ब्रिटिश संसद में याचिकाएं देना
- ✗ 2. विधान परिषद् में संवैधानिक आंदोलन (constitutional agitation) को आगे बढ़ाना
- ✗ 3. औपनिवेशिक प्राधिकारी के विरुद्ध सशस्त्र प्रतिरोध का आयोजन करना
- ✓ 4. ब्रिटिश वस्तुओं का बहिष्कार करना और स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देना

**Q.85** प्रारंभ में विरामावस्था में स्थित एक गेंद को जब एक ऊँचाई से गिराया जाता है, तो पृथ्वी की सतह तक पहुँचने में उसे 5 सेकंड लगते हैं। पतन के दौरान इसकी औसत चाल क्या है? ($g = 10\ m/s^2$)

**Ans**
- ✗ 1. 10 m/s
- ✗ 2. 50 m/s
- ✓ 3. 25 m/s
- ✗ 4. 20 m/s

**Q.86** प्राककेंद्रकी (प्रोकैरियोटिक) जीव के संबंध में कौन-सा कथन गलत है?

**Ans**
- ✗ 1. जीव का आद्य रूप
- ✗ 2. झिल्ली-परिबद्ध कोशिकांग अनुपस्थित होते हैं
- ✓ 3. केंद्रकीय क्षेत्र (Nuclear region) परिभाषित होता है
- ✗ 4. एकल गुणसूत्र मौजूद होता है

**Q.87** गदर पार्टी के मुख्यालय का नाम क्या था?

**Ans**
- ✗ 1. आजाद आश्रम
- ✗ 2. हिंदुस्तान आश्रम
- ✗ 3. भारत आश्रम
- ✓ 4. युगान्तर आश्रम

**Q.88** निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिका में उपस्थित झिल्लीयुक्त छोटी-छोटी संरचनाओं का एक उदाहरण है?

**Ans**
- ✓ 1. लाइसोसोम
- ✗ 2. राइबोसोम
- ✗ 3. कोशिकाद्रव्य
- ✗ 4. केंद्रकद्रव्य

**Q.89** यदि $x + \frac{1}{17x} = 3$, तो $17x^3 + \frac{1}{289x^3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 435
- ✗ 2. 345
- ✗ 3. 534
- ✓ 4. 450

**Q.90** उस संख्या-समूह का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं, जैसे नीचे दिए गए संख्या-समूह की संख्याएँ आपस में संबंधित हैं।
(ध्यान दें : संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना,पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(14, 12, 168)
(16, 13, 208)

**Ans**
- ✓ 1. (19, 11, 209)
- ✗ 2. (17, 13, 224)
- ✗ 3. (18, 14, 262)
- ✗ 4. (15, 14, 220)

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

| | | |
|---|---|---|
| Q.91 | प्लेटलेट (platelet) संख्या की कमी से ________ हो सकता है। | |
| Ans | ✔ 1. अत्यधिक रक्तस्राव | |
| | ✗ 2. बुखार | |
| | ✗ 3. रक्ताल्पता | |
| | ✗ 4. संक्रमण | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.92 | निम्नलिखित में से किसका विसरण वायु में सबसे धीरे होगा? | |
| Ans | ✔ 1. क्लोरीन | |
| | ✗ 2. अमोनिया | |
| | ✗ 3. हाइड्रोजन | |
| | ✗ 4. ऑक्सीजन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.93 | A cyclic compound that contains only single bonds is classified as: | |
| Ans | ✗ 1. Aliphatic | |
| | ✗ 2. Aromatic | |
| | ✗ 3. Unsaturated | |
| | ✔ 4. Saturated | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.94 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>PJL OIK NHJ MGI ? | |
| Ans | ✗ 1. LEH | |
| | ✔ 2. LFH | |
| | ✗ 3. LEG | |
| | ✗ 4. LFG | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.95 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प इधर-उधर दोलन करते हुए लोलक की गति को परिभाषित नहीं करता है? | |
| Ans | ✗ 1. लोलक असमान दोलन गति प्रदर्शित करता है | |
| | ✗ 2. लोलक त्वरित गति प्रदर्शित करता है | |
| | ✔ 3. लोलक एकसमान दोलन गति प्रदर्शित करता है | |
| | ✗ 4. लोलक आवर्ती गति प्रदर्शित करता है | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.96 | चिप्स जैसे खाद्य पदार्थों से भरे बैगों में ऑक्सीकरण को रोकने के लिए नाइट्रोजन गैस का उपयोग क्यों किया जाता है? | |
| Ans | ✔ 1. नाइट्रोजन गैस ऑक्सीजन को प्रतिस्थापित करके ऑक्सीकरण को रोकती है। | |
| | ✗ 2. नाइट्रोजन गैस ऑक्सीकरण को त्वरित करती है। | |
| | ✗ 3. नाइट्रोजन गैस चिप्स को कुरकुरा बनाती है। | |
| | ✗ 4. नाइट्रोजन गैस खाने का स्वाद बढ़ाती है। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.97 | H, A का भाई है। R, K की बहन है। P, K का पुत्र है। K, A की पत्नी है। P का H से क्या संबंध है? | |
| Ans | ✗ 1. बहन का पुत्र | |
| | ✗ 2. भाई | |
| | ✗ 3. पिता का पुत्र | |
| | ✔ 4. भाई का पुत्र | |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | | |
|---|---|---|
| Q.98 | अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन किसी न किसी तर्क के अनुसार समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं।<br>वह कौन-सा है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✗ 1. ZYB<br>✗ 2. QPS<br>✓ 3. MMO<br>✗ 4. GFI | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.99 | 7-अंकों की संख्या 57A001B, 9 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम मान क्या है? | |
| Ans | ✗ 1. 2<br>✗ 2. 8<br>✓ 3. 5<br>✗ 4. 3 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.100 | निम्नलिखित में से कौन-सी नदी अमरकंटक पठार से निकलती है? | |
| Ans | ✗ 1. कृष्णा<br>✓ 2. नर्मदा<br>✗ 3. महानदी<br>✗ 4. गोदावरी | |

"

Adda247